न्यायालय उपखण्ड अधिकारी परबतसर (नागौर) राज.

पीठासीन अधिकारी :– शिवपाल जाट, आर.ए.एस.

प्रार्थीगण :–

रमेश कुमार पुत्र रघनाथराम जाति रेगर
निवासी बाजूवास तह. परबतसर

बनाम

अप्रार्थीगण

1. मिश्रीलाल पुत्र रघनाथराम रेगर
निवासी बाजवास तह. परबतसर
2. तहसीलदार, परबतसर

प्रार्थना पत्र बाबत :– अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट

आदेश दिनांक :– ~~14.02.2022~~ 28/03/22

मुकदमा नम्बर :– 2022/31

आदेश

प्रार्थी की आरे से प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि बाजवास के खसरा नम्बर 646/1 रकबा 0.400 हैक्टयर व खसरा नम्बर 323/2 रकबा 0.54 हैक्टयर भूमि स्थित है। प्रार्थी व अप्रार्थी 1 ने अपनी भूमि का बंटवारा आपसी सहमति से अभी कुछ समय पूर्व करवाया थ्ज्ञा लेकिन राजस्व कर्मचारियों ने बंटवारा गलत दर्ज कर दिया। खसरा नम्बर 646/1 की भूमि प्रार्थी के कब्जे में है तथा खसरा नम्बर 323/2 की जमीन अप्रार्थी 1 के कब्जे में है लेकिन विपरित खसरान में नाम दर्ज कर दिया जो गलत है। राजस्व रिकार्ड में नाम में भिन्नता होने से प्रार्थी को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने की इस्तदुआ की है।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर सम्बन्ध में अप्रार्थी एवं राजपैरोकार तहसीलदार परबतसर ने इकबालिया जबाब / राजीनामा पेश कर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए प्रार्थीगण का सही नाम दर्ज किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है तो अप्रार्थीगण / राजपैरोकार तहसीलदार परबतसर को कोई आपत्ति नहीं होना स्वीकार किया है। जिससे प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि ग्राम बाजवास के खसरा नम्बर 646/1 प्रार्थी की खातेदारी में एवं खसरा नम्बर 323/2 अप्रार्थी 1 की खातेदारी में दर्ज किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। तहसीलदार परबतसर को तहरीर जारी हो।

28/3/22
(शिवपाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
परबतसर

उपखण्ड अधिकारी
परबतसर (नागौर)